हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 22.2 डिग्री
न्यूनतम 0.2 डिग्री

9 जी राम जी पर कांग्रेस के झूठ को जनता ने नकाराः बड़ौली



10 जापानी शिक्षण संस्थान व गुजवि मिलकर करेंगे कार्य



## खबर संक्षेप

### तारों को बदलने के चलते आज से बिजली बंद रहेगी

**हिसार।** बिजली निगम द्वारा शुक्रवार को आईटीआई फीडर पर पुरानी बिजली की तारों को बदलने का करने का कार्य किया जाएगा। इसके चलते बड़वाली ढाणी, एकता नगर आदि एरिया की सप्लाई लगभग सुबह 10 से सायं 5 बजे तक अगले 5 दिन तक बंद रह सकती है।

### स्वच्छता नियम तोड़ने पर निगम ने किए चालान

**हिसार।** नगर निगम द्वारा स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। एएसआई राहुल सैनी, एएसआई राहुल पंवार व एएसआई रोहित ने सिरसा चुंगी पर गुरु रविदास धर्मशाला के अन्दर कार्यक्रम के बाद कचरा खुले में डाल दिया गया जिस पर चालान किया गया। इसके अलावा एएसआई विजेता ने बस स्टैण्ड के पास व परिजात चौक पर खुले में कचरा डालने पर दो दुकानदारों का चालान किया।

### हरिहरानंद महाराज का निर्वाण महोत्सव आज से

**हिसार।** निकटवर्ती गांव खरड़ में स्थित आश्रम में सतगुरु बंदी छोड़ हरिहरानंद जी महाराज के 11वें निर्वाण महोत्सव का शुभारंभ 16 जनवरी शुक्रवार को होगा। आश्रम प्रवक्ता बलराज सिंह सहरावत ने बताया कि इसका शुभारंभ अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी कृष्णानंद महाराज सैकड़ों की संख्या में संत महापुरुष, विद्वान ब्राह्मण व साध संगत की उपस्थिति में करेंगे। सतगुरु बंदी छोड़ हरिहरानंद जी महाराज के 11वें निर्वाण महोत्सव के अवसर पर 108 फुट ऊंची भव्य समाधि पर 108 हवन महायज्ञ व 108 सतगुरु बंदी छोड़ घीसा संत जी महाराज के ग्रंथ साहेब की वाणी के पाठ का होगा।

### आग लगने पर पैनिक न हों, 101 पर सूचित करें

**हिसार।** सेक्टर 14 पैकेट बी मार्केट के प्रधान गौरव बंसल की अध्यक्षता में आग लगने की सावधानी बरते कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें दमकल विभाग के मुख्य अग्निशमन अधिकारी महावीर प्रसाद ने आग लगने के बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग लगने पर पैनिक होने के बजाय डॉयल 101 नंबर पर दमकल विभाग को तुरंत सूचित करें, साथ ही सावधानी रखते हुए खुद से आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू करना चाहिए। इस मौके पर मार्केट के उप प्रधान धर्मेंद्र मलिक, संरक्षक संजय व सुनील सिंगला सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

### रक्तदान शिविर में 140 यूनिट रक्त एकत्रित

**आदमपुर।** आदमपुर फोटोग्राफर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा द्वारा युवा फोटोग्राफर पवन भादु की याद में भादरा रोड स्थित लखदातार रेस्टोरेंट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमे 140 युवाओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर रक्तदाताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। ध्यान रहे कि ट्रस्ट के सदस्य पवन भादू का इसी महीने निधन हो गया था। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रधान देवी लाल, विनोद कुमार, पवन देलू, दयाशंकर, भजन लाल, सुरेंद्र मंजू, सहित अनेक फोटोग्राफर व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### मोक्ष वृद्धाश्रम में मनाई लोहड़ी व मकर संक्रांति

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम में लोहड़ी व मकर संक्रांति धूमधाम से मनाए गए। अग्नि प्रज्वलित कर अलाव सेकते हुए बुजुर्गों ने भजन गाए और लोहड़ी का गीत गाकर समां बांध दिया। इस दौरान मूंगफली, रेवड़ी, गज्जक व मिष्ठान का वितरण यिा गया। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक समाजसेवी मां पंकज संधीर ने अग्नि प्रज्वलित करके सभी को लोहड़ी व मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। बुजुर्गों ने मकर संक्रांति पर एक-दूसरे के स्वस्थ रहने की कामना की।

## बजट पूर्व परामर्श कार्यक्रम में पंचायत और नगर निकाय जनप्रतिनिधियों के साथ सीएम ने किया सीधा संवाद

*देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प में जनप्रतिनिधियों की भूमिका अहम*

# हरियाणा का बजट 2.80 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं का होगा प्रतिबिंबः नायब सैनी





**हिसार।** पंचायत एवं नगर निकाय जनप्रतिनिधियों के बजट-पूर्व परामर्श कार्यक्रम में संवाद करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पंचायत एवं नगर निकाय जनप्रतिनिधियों के बजट-पूर्व परामर्श कार्यक्रम में उपस्थित सीएम नायब सैनी, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक रणधीर पनिहार व अन्य। *फोटोः हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रदेश का आगामी बजट केवल सरकारी आंकड़ों तक सीमित नहीं होगा, बल्कि यह हरियाणा के 2.80 करोड़ नागरिकों की आशाओं, आवश्यकताओं और सुझावों पर आधारित होगा।

**सरकार जनभागीदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है इसलिए आगामी दस दिन तक भेजें सुझाव**

मुख्यमंत्री गुरुवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित पंचायत एवं नगर निकाय जनप्रतिनिधियों के बजट-पूर्व परामर्श कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सरकार जनभागीदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और इसी सोच के तहत आगामी दस दिनों तक पंचायत प्रतिनिधि, नगर निकाय सदस्य एवं आम नागरिक विभिन्न माध्यमों, विशेषकर चैट-बॉट के माध्यम से अपने सुझाव भेज सकते हैं, जिन्हें आगामी बजट में सम्मिलित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधियों की प्रधानमंत्री के देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है।

हरियाणा सरकार द्वारा इस बारे में विजन डॉक्यूमेंट लांच किया गया है, जिसे धरातल पर उतारने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

### शहरी विकास के लिए ऐतिहासिक कदम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि बजट 2025-26 में स्थानीय निकायों के लिए 5,666 करोड़ 28 लाख रुपये का प्रावधान किया गया। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए संपत्ति कर, विकास कर और कचरा शुल्क जैसी व्यवस्थाएं न्यूनतम और व्यावहारिक दरों पर लागू की गई हैं। जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए 100 करोड़ रुपये का विशेष कोष स्थापित किया गया है। सीवरेज, सड़क सफाई और अन्य नगर सेवाओं के लिए आधुनिक मशीनरी उपलब्ध कराई गई है।

### सुझावों को बजट 2026-27 में मिलेगा स्थान

मुख्यमंत्री ने बैठक में सरपंचों, पार्षदों और अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए व्यावहारिक एवं जमीनी सुझावों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इन सुझावों को आगामी बजट 2026-27 में शामिल किया जाएगा। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अगले 8-10 दिनों में अपने और सुझाव चैट-बॉट के माध्यम से अवश्य भेजें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब वे विधानसभा में बजट 2026-27 प्रस्तुत करेंगे, तब जिन हितधारकों के सुझाव बजट में शामिल होंगे, उन्हें विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा, ताकि वे स्वयं इस बात के साक्षी बन सकें कि सरकार ने अपने वादों को धरातल पर उतारा है।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक रणधीर पनिहार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार, अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक अनीश यादव, उपायुक्त महेंद्र पाल सहित जिला प्रशासन के अधिकारी व क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### गांव लोकतंत्र की नींव, सरपंच पहली आवाज

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गांव लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव होते हैं और सरपंच गांव की पहली आवाज होते हैं। गांवों के संतुलित विकास में सरपंचों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रदेश का समग्र विकास तभी संभव है, जब गांव और शहर दोनों समान गति से आगे बढ़ें। सरकार इस संतुलित विकास के लक्ष्य को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि बजट 2025-26 में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास के लिए 7,616 करोड़ 52 लाख रुपये का प्रावधान किया गया था, जिसमें से अब तक 2,808 करोड़ 72 लाख रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है। इस बजट के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में फिरनियों का निर्माण, महिला चौपालों की स्थापना, ई-लाइब्रेरी, इंडोर जिम, अमृत सरोवर, ठोस कचरा प्रबंधन सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने बताया कि पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए समय पर अनुदान, ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के माध्यम से पारदर्शिता और ऑनलाइन निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। ग्राम पंचायतों द्वारा करवाए जाने वाले विकास कार्यों की सीमा बढ़ाकर 21 लाख रुपये कर दी गई है। इसके साथ-साथ पंचायती राज संस्थाओं में ओबीसी-बी वर्ग को 5 प्रतिशत आरक्षण भी प्रदान किया गया है।

### शहर विकास के इंजन, निकाय

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर किसी भी राज्य के विकास के इंजन होते हैं। तेजी से बढ़ता शहरीकरण, बदलती जीवनशैली और नागरिकों की बढ़ती अपेक्षाएं शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका को और अधिक महत्वपूर्ण बनाती हैं।



नवीनीकृत ताऊ देवी लाल टाउन पार्क का उद्घाटन करते सीएम नायब सिंह सैनी।

## टाउन पार्क आधुनिक कला और नवाचार का बेहतरीन उदाहरण

- सीएम ने किया ताऊ देवी लाल टाउन पार्क के जीर्णोद्धार और नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सीएम नायब सिंह सैनी ने पीएलए में बने ताऊ देवी लाल टाउन पार्क के जीर्णोद्धार और नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया।उन्होंने पार्क का भ्रमण कर जन सुविधाओं का जायजा लिया। बता दें कि 12 एकड़ क्षेत्रफल वाले पार्क के जीर्णोद्धार और नवीनीकरण परियोजना पर कुल 14.72 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस अवसर पर कहा कि टाउन पार्क का विकास पंचतत्व थीम पर आधारित है, जो आधुनिक कला और नवाचार का बेहतरीन उदाहरण है। पार्क के विकास का उद्देश्य जनहित में एक आधुनिक, थीम आधारित और मनोरंजक स्थान उपलब्ध कराना है। पार्क में सांस्कृतिक व अन्य आयोजनों के लिए ओपन एयर थिएटर का निर्माण किया गया है। साथ ही आयुष, जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में औषधीय पौधों का उद्यान भी स्थापित किया गया है। सूर्य नमस्कार प्रतिमा, अदृश्य प्रतिमा, जॉगिंग/ वॉकिंग ट्रैक, म्यूज़िकल फाउंटेन और जल निकाय, बच्चों के लिए प्लेइंग कॉर्नर, वॉटर लेक, झील के दृश्य के साथ कांच का डेक, आउटडोर जिम, आगंतुकों के लिए पार्किंग तथा खाद्य स्टॉल पार्क की प्रमुख विशेषताओं में शामिल हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर लोकनिर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, हिसार की विधायक सावित्री जिंदल, नलवा के विधायक रणधीर पनिहार, मेयर प्रवीण पोपली, जिला परिषद अध्यक्ष सोनू सिहाग, भाजपा जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, जिला प्रभारी जवाहर सैनी, उपायुक्त महेंद्र पाल, जिला नगर आयुक्त नीरज, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक, विभिन्न वार्ड के पार्षद व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## विदेश में रोजगार दिलवाने के नाम पर युवक से 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी

### न पीड़ित को ऑस्ट्रिया भेजा, न नौकरी दिलवाई, महिला समेत 3 पर केस

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

विदेश भेजकर वहां नौकरी दिलवाने के नाम पर एक युवक से 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। आरोपियों ने युवक को ऑस्ट्रिया भेजने की बात कही और जार्जिया भेज दिया, लेकिन एक महीने किराये पर रहने के बाद भी युवक को शर्त के अनुसार जार्जिया से ऑस्ट्रिया नहीं भेजा गया तो मजबूरन उसे भारत वापस आना पड़ा। घर आने के बाद युवक ने धोखाधड़ी की शिकायत हांसी सदर थाने में दी। पुलिस ने कुतुबपुर निवासी तरुण की शिकायत के पर नरवाना निवासी रविंद्र, रोहतक निवासी राहुल व पूनम अहलावत पर केस दर्ज किया है।

**विदेश भेजने के लिए पिता ने ब्याज पर लिए थे 10 लाख रुपये**

पुलिस को कुतुबपुर निवासी तरुण ने बताया कि उसके एक जानकार ने उसकी मुलाकात नरवाना निवासी रविंद्र से करवाई थी। रविंद्र ने बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने व उन्हें वहां पर रोजगार दिलवाने का काम करता है। उसने भरोसा दिया था कि वह उसे ऑस्ट्रियाा भेज देगा और वर्क परमिट लगवा देगा। रविंद्र ने 12 लाख की डिमांड कर 4 लाख रुपये एडवांस देने के लिए कहा था। तरुण ने अलग-अलग ट्रांजेक्शन कर उसे करीब साढ़े तीन लाख रुपये दे दिए। बाद में रविंद्र ने उसे राहुल नाम के आदमी से मिलवाया और कहा कि आगे का काम यह पूरा करेगा। राहुल ने एंबेसी में अपाइटमेंट के लिए दो लाख की डिमांड की, जिस पर उसने करीब डेढ़ लाख रुपये उसे दे दिए। तरुण ने बताया कि उसके पिता गांव में खेती करते हैं। उसे विदेश भेजने के लिए उन्होंने ब्याज पर 10 लाख रुपये लिए थे।

#### जयपुर से जार्जिया भेजा

*बाद में राहुल ने ऑफर लेटर आने की बात कहकर उससे 1.45 लाख की डिमांड की। उसने पहले ही ज्यादा रुपये देने की बात कही तो आरोपित ने उसे रोहतक के एक होटल में बुलाया। वहां पर पहले से मौजूद पूनम नाम की महिला ने उससे 55 हजार रुपये और लेकर कहा कि उसके ऑस्ट्रिया जाने का प्रोसेस शुरू कर दिया है। उन्होंने उसे टिकट देकर ऑस्ट्रिया भेजने की जगह जयपुर से जार्जिया भेज दिया और न ही नौकरी दिलवाई।*

## पेट्रोल डलवाकर बिना रुपये दिए भागने के तीन आरोपी काबू

**हांसी।** शेखपुरा चौकी पुलिस ने पेट्रोल पंप पर गाड़ी में डीजल डलवाकर बिना रुपये दिए भाग जाने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कैथल जिले के गांव बड़सिकरी खुर्द निवासी रोबिन, कैथल निवासी हिमांशु व राकेश उर्फ रिंकू के रूप में हुई है। मामले की जानकारी देते हुए हेड कांस्टेबल बलजीत सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने 13 जनवरी को शेखपुरा के समीप स्थित एक एचपी के पेट्रोल पंप से एक बलेनो गाड़ी में 2200 रुपये का पेट्रोल डलवाया था और गाड़ी में तेल डलवाने के बाद तीनों आरोपी पेट्रोल पंप के कारिंदे को रुपये दिए बिना ही वहां से गाड़ी भगाकर ले गए थे। पुलिस ने पेट्रोल पंप कारिंदे की शिकायत के आधार पर थाना सदर हांसी में मामला दर्ज किया था।

*खासा महाजन में अलग श्मशान घाट बना बोर्ड लगाने का मामला*

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने डीसी से 14 दिन में मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

अग्रोहा खंड के गांव खासा महाजन में स्वर्ण व अनुसूचित जाति समुदाय के अलग-अलग श्मशान घाट बनाकर उनके बोर्ड लगाने का मामला राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तक पहुंच गया है। आयोग ने इस मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

इस संबंध में बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य सुशील वर्मा ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को शिकायत भेजी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि गांव के श्मशान घाट में सामान्य वर्ग एवं अनुसूचित जाति समुदाय के लिए अलग-अलग अंतिम संस्कार स्थल अवैध रूप से चिह्नित किए गए हैं और इस भेदभाव को लागू करने के लिए बोर्ड भी लगाए गए हैं। यह कृत्य न केवल असंवैधानिक है, बल्कि मानव गरिमा, समानता और सामाजिक न्याय के मूल सिद्धांतों के भी विरुद्ध है। शिकायत के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली पीठ ने इसे मानवाधिकारों का प्रथम दृष्टया उल्लंघन मानते हुए मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 12 के अंतर्गत संज्ञान लिया है। आयोग ने हिसार के जिला उपायुक्त को निर्देश दिए हैं कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट आयोग को प्रस्तुत की जाए। आयोग ने यह भी माना है कि इस प्रकार की प्रथाएं भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 17 का उल्लंघन हैं तथा अस्पृश्यता और सामाजिक बहिष्कार को बढ़ावा देती हैं, जो कि लोकतांत्रिक समाज में अस्वीकार्य है। शिकायतकर्ता सुशील वर्मा ने आयोग से मांग की है कि दोषी व्यक्तियों एवं अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।




**हिसार।** अनुसूचित जाति के श्मशान घाट पर लगाया गया बोर्ड।

#### विवाद के बाद बोर्ड हटाया

गांव में कई वर्षों से ही यह श्मशान घाट अलग-अलग बने हुए हैं। जनरल का श्मशान घाट गांव के नजदीक है और एससी का गांव से थोड़ी दूरी पर है। जरनल श्मशान घाट में एससी को छोड़कर सभी को अंतिम संस्कार की इजाजत है, यह पुरानी परंपरा चली आ रही है। हां बोर्ड को लेकर विवाद उठा था, इसके बाद इसे हटा दिया गया है।
**-मंजू बाला फगोड़िया, सरपंच**

## जुगलान गांव के दो भाइयों ने मुख्यमंत्री से मिलकर दी शिकायत, कार्रवाई के लिए लगाई गुहार

*फरियाद सुनकर मुख्यमंत्री ने एसपी को दिए जांच करने के आदेश*

# एसएचओ ने थप्पड़ मारे; मोबाइल छीन लिया, झूठ हो तो चाहे जूते मार लेना

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सदर थाना क्षेत्र के गांव जुगलान निवासी दो भाइयों ने ताऊ देवीलाल पार्क में पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सैनी के समक्ष अपनी पीड़ा अनोखे अंदाज में रखी। प्रशासन व पुलिस की तरफ पूरी तरह निराशा जताते हुए भाइयों ने यहां तक कह दिया कि यदि हमारी शिकायत झूठी मिले तो हमें ही जूते मार लेना।

मुख्यमंत्री ने उनकी बात सुनकर पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन को जांच करके कार्रवाई के निर्देश दिए। जुगलान गांव निवासी दोनों भाइयों संदीप व सिद्धांत के अनुसार वे दोनों कुछ दिन पहले सदर थाना में शिकायत देने गए थे। आरोप है कि सदर थाना एसएचओ और वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उनसे ढाई घंटे तक थाने में मारपीट की। इस दौरान उन्हें थप्पड़ मारे। जब वे मारपीट की वीडियो बनाने लगे तो मोबाइल छीन लिया। युवकों ने बताया कि डीजीपी तक ने इस मामले में संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस एसएचओ ने गलत किया है, उसे डिमोट करके उसे थाने में लगाया जाए ताकि उसे अपने किए का एहसास हो। संदीप और सिद्धांत ने बताया कि 13 जनवरी को वे एसएचओ की शिकायत लेकर चंडीगढ़ सीएम कार्यालय गए थे। सीएम ने तुरंत डीजीपी को फोन कर शिकायत पर कार्रवाई के लिए कहा था। इस एसपी हिसार ने फोन कर उन्हें अगले दिन ऑफिस बुलाया, लेकिन जब वे वहां गए तो उनका रवैया ठीक नहीं था। वो रिकॉर्ड निकालकर बोले तेरे पर भी 4 केस हैं। संदीप ने बताया कि मैं थाने में शिकायतकर्ता बनकर गया था ना कि आरोपी बनकर। संदीप ने बताया कि जब एसपी ने कार्रवाई नहीं की तो आज हम दोबारा कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री से मिले हैं।



शिकायत सुनते मुख्यमंत्री नायब सैनी।

#### पत्नी के इलाज में की गई थी लापरवाही

शिकायतकर्ता सिद्धांत ने बताया कि उसकी पत्नी तीन महीने की गर्भवती थी। सिविल अस्पताल के डॉक्टरों ने जांच के बाद लिख दिया था कि आपकी पत्नी नार्मल है कुछ नहीं है। जब उससे दर्द सहन नहीं हुआ तो हम उसे जिंदल अस्पताल ले गए। वहां जाकर पता चला कि बच्चा पेट में ही मर गया है, जबकि सिविल अस्पताल में दिखाया गया कि बच्चा नार्मल है और बच्चेदानी में इन्फेक्शन है। जब जिंदल अस्पताल गए तो उन्होंने अल्ट्रासाउंड किए और टेस्ट करवाए, जिससे पता चला कि बच्चा तो पेट में ही मर गया है। बाद में डीएमसी करवानी पड़ी।

#### शिकायत लेकर गए थे सदर थाने

पीड़ितों ने बताया कि शिकायत लेकर हम सदर थाने में गए थे। इसके बाद वहां मौजूद पुलिसकर्मी ने केस सिविल अस्पताल का बताया और सिटी थाने जाने को कहा। हमने कहा कि हमें पता नहीं था, हम यहां आ गए। हमारा गांव जुगलान है। आप ऑनलाइन शिकायत कर देना। इस पर वे बोले तू ज्यादा जानकार है क्या? ज्यादा पढ़ा लिखा है क्या? चल तू अंदर तुझे मैं बताता हूं। इसके बाद एसएचओ हमारी गर्दन पकड़कर ले गए। मैं वीडियो बनाने लगा तो मेरा फोन छीन लिया। उस वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि उसने हमें धक्का मारा है। हमें दो से ढाई घंटे रिमांड रूम में रखा। पांच-सात थप्पड़ तो एसएचओ ने हमारे मारे। इसके बाद एसपी से मिले तो कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद हम 13 जनवरी को मुख्यमंत्री से मिले थे।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवानी

नेशनल हाइवे नं. 52 गुरेरां बाइपास पर गुरुवार को बाइक और ट्रक की टक्कर हो गई। इसमें 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जिसमें से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर है। जानकारी के अनुसार गुरुवार देर शाम बाइक सवार दो युवकों को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसा सिवानी गुरेरा बाइपास के पास हुआ। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घायलों को हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जिसकी पहचान लीलस निवासी विजय के रूप में हुई है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## निगम की टीम ने बाजारों से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान नगर निगम द्वारा निरंतर जारी है। निगम के कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि दिल्ली रोड पर टाउन पार्क के आस-पास से अतिक्रमण हटाकर शुरूआत की। इसके साथ राजगढ़ व मुधबन पार्क के आस-पास से अतिक्रमण हटाया गया। इसके बाद टीम ने बस स्टैण्ड से बरवाला चुंगी व बरवाला चुंगी से हाइवे फ्लाईओवर तक अतिक्रमण हटाया। इसके बाद टीम ने राजगुरु मार्केट से अतिक्रमण हटाया। बस स्टैण्ड के आस-पास की मार्केट में अतिक्रमण हटाने को लेकर टीम ने मुनादी की।

रोचक / शिखर चंद जैन

# पट-पट उछलने-कूदने वाला पॉपकॉर्न!





बच्चो, पॉपकॉर्न यानी भुने हुए मकई के दाने। मकई के दाने भूनते समय तुमने देखा होगा, कैसे पट.. पट.. करके उछलते-कूदते हैं। इन्हें देखकर बहुत मजा आता है। ये भूनते समय इस तरह क्यों उछलते-कूदते हैं? इन्हें इस तरह कब से खाए जाने की शुरुआत हुई, इनका क्या है इतिहास, इसका नाम पॉपकॉर्न कैसे पड़ा? पॉपकॉर्न से जुड़ी रोचक जानकारियां।

बच्चो, पॉपकॉर्न एक ऐसा स्नैक्स है, जो टेस्टी होने के साथ-साथ हेल्दी भी होता है। हल्की-फुल्की भूख के लिए पॉपकॉर्न एक बेहतरीन ऑप्शन है। तुम्हारा यह पसंदीदा पॉपकॉर्न दुनिया भर में पॉपुलर है। क्या तुम्हें पता है, पॉपकॉर्न की पसंद और इसके हेल्थ बेनिफिट्स को सेलिब्रेट करने के लिए 'पॉपकॉर्न-डे' भी मनाया जाता है। बच्चो, हर साल 19 जनवरी को अमेरिका में 'नेशनल पॉपकॉर्न-डे' मनाया जाता है।

**नया नहीं है पॉपकॉर्न:** कॉर्न (मकई) के एक विशेष प्रकार, जिसका वैज्ञानिक नाम 'जिया मेज एवर्टा' है, से पॉपकॉर्न बनाया जाता है। यह मकई



इस मायने में अलग है कि इसका पेरिकार्प यानी छिलका मोटा होता है। पॉपकॉर्न बनाने की शुरुआत 5000 साल से भी पहले हो चुकी थी। पेरू में 6700 साल पहले भी पॉपकॉर्न खाए जाते थे, इस बात के भी प्रमाण मिले हैं।

**कब हुआ पॉपुलर:** 1885 में चार्ल्स क्रेटर्स द्वारा मोबाइल पॉपिंग कार्ट के आविष्कार के बाद से पॉपकॉर्न पॉपुलर हुआ। इसके बाद से पॉपकॉर्न आसानी से तैयार किए और खरीदे-बेचे जाने लगे। धीरे-धीरे यह बच्चों और बड़े सभी का फेवरेट स्नैक्स बनता गया। खाने के साथ-साथ पेड़-पौधों की सजावट में भी इसका इस्तेमाल किया जाने लगा। आज भी कई जगहों पर क्रिसमस ट्री को सजाने के लिए पॉपकॉर्न का इस्तेमाल किया जाता है।



**उछलता है इसलिए नाम पड़ा 'पॉप' कॉर्न:** पॉपकॉर्न के दानों में 14 प्रतिशत तक नमी होती है। जब इन दानों को गर्म किया जाता है, तो पानी भाप बन जाता है। यह भाप जब दाने से बाहर आने का प्रयास करती है तो दाना पट-पट की आवाज के साथ उछलता है और फूट जाता है। जिससे ये पॉपकॉर्न बन जाते हैं। फूटते समय पॉपकॉर्न 3 फीट (लगभग 1 मीटर) तक उछल सकता है। इसके उछलने की प्रवृत्ति के कारण ही इसे 'पॉप' कॉर्न कहते हैं।

**तरह-तरह के पॉपकॉर्न:** पॉपकॉर्न कई तरह के होते हैं। 'जिया मेज' की लगभग 25 विभिन्न किस्में हैं। इनमें से दो प्रमुख प्रकार हैं-राइस पॉपकॉर्न और पर्ल पॉपकॉर्न। मक्के की यह प्रजाति आमतौर पर छोटी होती है। इसके दाने का आवरण और बाहरी भ्रूणपोष बेहद सख्त होता है।

**दो तरह के मुख्य शेप:** पॉपकॉर्न मुख्य रूप से दो अलग-अलग शेप में फूटते हैं।

**स्नोफ्लेक:** यह आकार में बड़ा और ऊबड़-खाबड़ होता है। मूवी थिएटर में तुम यही पॉपकॉर्न खाते हो। यह दिखने में ज्यादा लगता है।

**मशरूम:** यह गोल और ठोस होता है। इसका इस्तेमाल तब किया जाता है, जब पॉपकॉर्न पर चॉकलेट या कैरेमल की परत चढ़ानी हो, क्योंकि यह आसानी से टूटता नहीं है।

**हेल्दी ब्रेकफास्ट है पॉपकॉर्न:** पॉपकॉर्न खाने में मजा तो आता ही है, यह हेल्थ के लिए भी अच्छा होता है। 19वीं सदी में इसे दूध और चीनी के साथ नाश्ते के रूप में खाया जाता था। आज भी इसे तरह-तरह से खाया जाता है। इसमें भरपूर फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। साथ ही पॉपकॉर्न, मैंगनीज, फॉस्फोरस और जिंक का अच्छा स्रोत है। इसमें कैलोरी बेहद कम होती है और हार्मफुल ग्लूटेन नहीं पाए जाते। आजकल मल्टीप्लेक्स मूवी थिएटर्स में बड़े-बड़े स्टाइलिश डब्बों में तरह-तरह के मसालों से युक्त पॉपकॉर्न खूब बिकते हैं। *

### दुनिया का सबसे बड़ा पॉपकॉर्न बॉल

बच्चो, क्या तुम इमेजिन कर सकते हो कि एक पॉपकॉर्न बॉल कितना बड़ा हो सकता है? अमेरिका के आयोवा राज्य के सैक सिटी में साल 2016 में 9,370 पाउंड (लगभग 4250 किलोग्राम) वजन का पॉपकॉर्न बॉल बनाया गया। यह पॉपकॉर्न बॉल 24 फीट चौड़ी और 8 फीट से ज्यादा ऊंची है। इस पॉपकॉर्न बॉल का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल है।

### माइक्रोवेव की खोज में मददगार बना पॉपकॉर्न

बच्चो, एक इंटरेस्टिंग फैक्ट यह है कि तुम्हारे घर में रखे माइक्रोवेव ओवन का आविष्कार पॉपकॉर्न की वजह से ही हुआ था। साल 1945 में पर्सी स्पेंसर नाम के वैज्ञानिक एक मशीन पर काम कर रहे थे। उन्होंने देखा कि हीट की वजह से उनकी जेब में रखे पॉपकॉर्न के दाने अचानक फूटने लगे। इसी से उन्हें माइक्रोवेव बनाने का आइडिया आया।

पेंगुइन अपनी अनोखी शारीरिक संरचना के लिए जाना जाता है। इनकी ज्यादातर प्रजातियां लुप्त होने की कगार पर हैं। पेंगुइन पर मंडराते खतरे के कारण इनके संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष 20 जनवरी को 'पेंगुइन अवेयरनेस-डे' मनाया जाता है। जानो, पेंगुइन की कुछ प्रजातियों के बारे में।

# अजब-अनूठा पक्षी पेंगुइन

पक्षी जगत
मच्छिंद्र ऐनापुरे



पेंगुइन पक्षी का नाम सुनते ही हमारे दिमाग में एक प्यारे-से, काले-सफेद रंग का पक्षी आ जाता है, जो बर्फ पर मजेदार ढंग से मटकते हुए चलता है। बच्चो, दुनिया में पेंगुइन की अनेक प्रजातियां पाई जाती हैं। जानो, पेंगुइन की कुछ प्रजातियों के बारे में।

**एंपरर पेंगुइन:** यह पेंगुइन की दुनिया का राजा माना जाता है। एंपरर पेंगुइन सबसे बड़े आकार के पेंगुइन होते हैं। इनकी ऊंचाई लगभग 3 फीट 7 इंच होती है। वजन 35 से 40 किलो तक होता है। ये अत्यंत ठंडे इलाके अंटार्कटिका में रहते हैं। एंपरर पेंगुइन शानदार तैराक होते हैं, ये गहरे समुद्र में गोते लगाकर तैरते हैं।



**यलो-आइड पेंगुइन:** यह पेंगुइन न्यूजीलैंड में पाया जाता है। इसकी पीली-पीली आंखें और सिर पर पीली धारियां होती हैं। इसकी शारीरिक विशेषताओं के आधार पर ही इसका नामकरण हुआ है।

**किंग पेंगुइन:** एंपरर पेंगुइन से आकार में थोड़े छोटे और दुनिया के दूसरे सबसे बड़े आकार के पेंगुइन होते हैं-किंग पेंगुइन। इनके सिर के पास पानी की बूंद जैसा पीला निशान होता है। इनमें भी वे सभी विशेषताएं पाई जाती हैं, जो एंपरर पेंगुइन में होती हैं। ये भी अंटार्कटिका में पाए जाते हैं।

**रॉकहॉपर पेंगुइन:** इनकी आंखों के ऊपर सुंदर-सी भौंहें होती हैं। ये चट्टानों पर उछल-कूद करते हुए चलते हैं। रॉकहॉपर पेंगुइन की दो प्रमुख प्रजातियां पाई जाती हैं। पहली, नॉर्दन रॉकहॉपर, जिनकी भौंहें बड़ी और उभरी हुई होती हैं। दूसरी, सदर्न रॉकहॉपर, जिनकी भौंहें थोड़ी छोटी होती हैं।

**मैकरॉनी पेंगुइन:** इस पेंगुइन का नाम (खाने वाली डिश मैकरॉनी) बड़ा मजेदार है न! इसका चेहरा काला, चोंच नारंगी और माथे पर पीले रंग की सुंदर कलगी होती है। यही इसकी पहचान है।



**लिटिल पेंगुइन:** नाम जैसा, आकार वैसा! ये दुनिया के सबसे छोटे आकार के पेंगुइन होते हैं। इनकी ऊंचाई सिर्फ 12 से 13 इंच तक और वजन करीब 1.2 से 1.3 किलोग्राम तक होता है।

**गैलापैगोस पेंगुइन:** यह दुनिया की इकलौती पेंगुइन प्रजाति है, जो भूमध्य रेखा (इक्वेटर) के पास रहती है। यह गैलापैगोस द्वीप समूह में पाई जाती है।

**अफ्रीकन पेंगुइन:** ये पेंगुइन अफ्रीका महाद्वीप के दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया देशों में पाए जाते हैं। इन पेंगुइन की आंखों के चारों ओर फर नहीं होते और छाती पर काली पट्टी होती है। *



### भारत में भी देखी जा सकती है पेंगुइन

बच्चो, तुम सोच सकते हो कि कि पेंगुइन सर्द प्रदेशों/स्थलों में पाया जाने वाला पक्षी है, इसे भारत जैसे गर्म देश में नहीं देखा जा सकता, लेकिन ऐसा नहीं है। तुम अपने देश में भी पेंगुइन को देख सकते हो। मुंबई के वीरमाता जीजाबाई भोसले प्राणी संग्रहालय (रानी का बाग) में 18 पेंगुइन देखे जा सकते हैं। ये हंबोल्ट प्रजाति के पेंगुइन हैं, जो मूल रूप से पेरू और चिली से लाए गए हैं। साल 2016 में यहां सिर्फ 8 पेंगुइन थे, अब उनकी संख्या बढ़कर 18 हो गई है।

कविता / फहीम अहमद

## मखमली धूप

ठिठुर रहे तन को लगती है
मखमल-सी जाड़े की धूप।
धीरे से मन को छू जाती
कोमल-सी जाड़े की धूप।
मीठे गीत सुनाती हमको,
कोयल-सी जाड़े की धूप।
सबके दिल में घर कर जाती
चंचल-सी जाड़े की धूप।
ठिठुरन वाले सन्नाटे में
हलचल-सी जाड़े की धूप।
जब छत पर लेटें तो ओढ़ें
कंबल-सी जाड़े की धूप।
नानी की गोदी, अम्मा के
आंचल-सी जाड़े की धूप।



## बूझो तो जानें



1
भूरा-काला रुई-सा हल्का
मैं नभ में उड़ता जाता।
बरसातों का दूत बनूं मैं
गड़-गड़ गड़-गड़ शोर मचाता।

2
सड़क नहीं, आकाश सवारी
पंख लगे, पर नहीं हूं चिड़िया।
लोगों को सुदूर पहुंचाऊं
वायु भांति मेरी गति बढ़िया।

3
बत्ती नहीं, न कोई तेल
रातों को कर देता जगमग।
ज्यों नींद खुले सूरज की
मैं छुप जाता चलकर डगमग।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.बादल, 2.हवाई जहाज, 3.जुगनू

## जीके क्विज-188

1. दृष्टिबाधित लोगों के लिए पहली ब्रेल लाइब्रेरी किस राज्य में खोली गई है?
2. भारतीय महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?
3. सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश कौन हैं?
4. इन दिनों 53वें विश्व पुस्तक मेला का आयोजन किस शहर में किया जा रहा है?
5. सापेक्षता का सिद्धांत (थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी) की खोज किसने की थी?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन सा है?
7. लावणी किस राज्य का पारंपरिक लोकनृत्य है?
8. भारत में केसर का उत्पादन सबसे ज्यादा किस राज्य में होता है?
9. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन सा है?
10. 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' के लेखक कौन हैं?



बच्चो, जीके क्विज-188 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-187 का उत्तर :** 1.दीप्ति शर्मा, 2. जापान, 3.काम्या कार्तिकेयन, 4.सारनाथ, 5.सी. राजगोपालाचारी, 6.ओडिशा, 7.विटामिन-ए, 8.मुंबई से ठाणे, 9.नाइक्रोम, 10.तमिलनाडु

**जीके क्विज-187 का सही उत्तर देने वाले :** गौरव-कोरबा, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, कोमल-रोहतक, शुभम-रायपुर, रौनक-दुर्ग, कमल-बिलासपुर, सुमन-रायगढ़, शिप्रा-महासमुंद



कहानी
हरीश कुमार अमित

मयंक और उसके दादा जी ने एक दिन शर्त लगाई, कौन कितने देर बिना बोले रह सकता है, जो पहले बोलेगा, तय शर्त के अनुसार हर्जाना भरेगा। मयंक को लगा दादा जी शर्त हार गए, जबकि दादा जी को लगा मयंक हारा। लेकिन वास्तव में शर्त कौन जीता?

# लग गई शर्त



मयंक बहुत बातूनी है। लंबी-लंबी बातें करना उसे अच्छा लगता है। थोड़ी देर तक भी बिना बोले रहना उसके लिए मुश्किल है। आज मयंक के स्कूल की छुट्टी थी। वह दादा जी के कमरे में उनके पास बैठा उनसे बातें कर रहा था। बातों-बातों में दादा जी ने मयंक से शर्त लगा ली, कौन ज्यादा देर तक बिना बोले रह सकता है। शर्त के अनुसार उन दोनों में से जो पहले बोलेगा, वह शर्त हार जाएगा। दादा जी ने यह भी कहा कि अगर खुद वे शर्त हार गए तो मयंक को रेस्टोरेंट ले जाकर मसाला डोसा खिलाएंगे। और अगर मयंक शर्त हार गया तो वह पिछले दिनों अपने जन्मदिन पर मिले चॉकलेट के डिब्बे से पांच चॉकलेट दादा जी को देगा।

शर्त लगने के बाद दादा जी और मयंक दोनों एक-दूसरे से इशारों-इशारों में ही बातें करने लगे। घर में उस समय और कोई मौजूद नहीं था। मयंक के मम्मी-पापा कहीं गए हुए थे, उन्हें शाम तक ही घर लौटना था। मयंक को पूरा विश्वास था, वह शर्त जीत जाएगा।

थोड़ी देर बाद दादा जी के मोबाइल फोन पर मयंक के पापा का फोन आया। पापा ने यह बताने के लिए फोन किया था कि वे लोग शाम को आठ बजे तक ही वापस आ पाएंगे। दादा जी ने पापा की बात तो सुन ली, लेकिन खुद जो कहना था, वह टेक्स्ट मैसेज में लिखकर भेज दिया। साथ ही चुप रहने की शर्त के बारे में भी लिख दिया ताकि फोन पर उनके बात न करने के कारण पापा को कुछ अटपटा न लगे। थोड़ी देर बाद मयंक का जी करने लगा कि कुछ बोला जाए, लेकिन शर्त के कारण उसने अपने आपको रोके रखा। कुछ देर बाद अचानक मयंक को दादा जी की आवाज सुनाई दी। दादा जी की आवाज सुनते ही वह जोर से बोल उठा, 'मैं जीत गया! मैं जीत गया!' 'जीत तो मैं गया हूं, बेटा। तुम पहले जो बोल पड़े हो।' दादा जी ने हंसते हुए कहा।

'जीता तो मैं हूं, दादा जी! पहले आपकी आवाज सुनाई दी है!' मयंक ने दादा जी की बात का खंडन किया।

'आवाज से क्या होता है? बोले तो पहले तुम ही हो! इसलिए मैं शर्त जीत गया हूं।' दादा जी ने हंसते हुए जवाब दिया।

'कैसे, दादा जी? पहले आप बोले, तभी तो आपकी आवाज सुनाई दी।' मयंक ने दादा जी को समझाना चाहा।

'लेकिन मैं पहले बोला ही नहीं था। मैंने तो यह वीडियो चलाया था, जिसमें मेरी आवाज है।' कहते हुए दादा जी ने अपने कुर्ते की जेब से अपना मोबाइल फोन निकाल कर वह वीडियो फिर से चला दिया। यह वही वीडियो था, जो मयंक ने उनके फोन पर कुछ दिन पहले बनाया था। इस वीडियो में दादा जी मयंक को एक कहानी सुना रहे थे।

'पर यह तो चीटिंग है, दादा जी!' मयंक ने विरोध जताया।

'इसमें चीटिंग की क्या बात है? तुम्हें मेरी असली आवाज और वीडियो से आ रही आवाज का अंतर समझना चाहिए था।' दादा जी मुस्कुराते हुए बोले।

दादा जी का यह तर्क सुनकर मयंक जवाब में कुछ न बोल सका। उसने अपनी हार मान ली और चुपचाप एक तरफ बैठ गया।

मयंक का उदास चेहरा देखकर दादा जी कुछ देर सोचते रहे और फिर हंसते हुए बोले, 'बेटा, मैं तो मजाक कर रहा था तुमसे! शर्त तो तुम ही जीत गए हो, क्योंकि मेरी आवाज पहले सुनाई दे गई थी। असल में सुबह से ही मेरा बहुत मन कर रहा था कि तुम्हारे साथ रेस्टोरेंट में जाकर गरमा-गरम मसाला डोसा खाया जाए। इसीलिए मैंने तुम्हारे साथ यह शर्त लगाई थी, और मैं जान-बूझकर शर्त हार भी गया ताकि मसाला डोसा खाने की मेरी इच्छा पूरी हो सके।' दादा जी के मुंह से यह सब सुनकर मयंक मन ही मन बहुत खुश हो गया। दादा जी आगे बोले, 'तुम्हारे मम्मी-पापा को तो कई घंटे बाद घर लौटना है। तब तक हम दोनों चलते हैं रेस्टोरेंट में मसाला डोसे का आनंद उठाने। तुम तैयार हो जाओ फटाफट।'

यह सुनकर मयंक के चेहरे की उदासी मिट गई और वह खुशी-खुशी दादा जी के साथ रेस्टोरेंट जाने के लिए तैयार होने लगा। उसे दादा जी के साथ मसाला डोसे का आनंद जो लेना था। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# रोचक-प्रेरक कहानी


बच्चो, दुनिया भर में बच्चों के लिए बहुत अच्छी-अच्छी किताबें लिखी जा रही हैं। ये किताबें तुम्हें जरूर पढ़नी चाहिए, क्योंकि ये तुम्हारा एक नए प्रकार का मनोरंजन करेंगी। इन किताबों को पढ़कर तुम जानोगे कि दुनिया कितनी मजेदार है, अद्भुत कल्पनाओं और रोमांच से भरी है। ऐसी ही एक किताब है 'स्टोरी ऑफ डॉक्टर डूलिटिल' यानी पशु भाषा विशेषज्ञ डॉक्टर डूलिटिल की कहानी। यह एक ऐसे डॉक्टर की कहानी है, जो था तो इंसानों का डॉक्टर, लेकिन जानवरों का इलाज करने लगा। यह डॉक्टर जानवरों की बोलियां समझता ही नहीं था, उनके साथ बात भी करता था। यह सब उसे पोलेसेनिया नाम के एक तोते ने सिखाया था। जब डॉक्टर डूलिटिल पशु-पक्षियों से बात करके उनकी समस्याओं को जानकर उनका इलाज करने लगा तो उसके सभी बीमार पशु-पक्षी जल्दी-जल्दी स्वस्थ होने लगे। इस तरह वह डॉक्टर, इंसानों के इलाज के लिए ही नहीं, पशु-पक्षियों के इलाज के लिए भी बहुत मशहूर हो गया। फिर डॉक्टर डूलिटिल को अफ्रीका से एक संदेश मिला कि वहां के बंदरों में एक जानलेवा बीमारी फैली है, जिससे वे तेजी से मर रहे हैं। फिर क्या था, डॉक्टर डूलिटिल अफ्रीका के लिए निकल पड़े। इसके बाद क्या हुआ, यह जानने के लिए बच्चो, तुम्हें इस किताब को पढ़ना होगा। इस किताब के लेखक हैं ह्यु लॉफ्टिंग, जिन्होंने सन 1920 में इसे लिखा था। यह किताब इतनी लोकप्रिय हुई कि डॉक्टर डूलिटिल की एक के बाद एक रोचक कहानियों वाली 12 किताबें प्रकाशित हुईं। इन पर कई फिल्में भी बनीं। दुनिया भर की अनेक भाषाओं में इन किताबों का अनुवाद भी हुआ है। ये किताबें विश्व बाल साहित्य की धरोहर हैं। *




**किताब :** पशु भाषा विशेषज्ञ डॉक्टर डूलिटिल की कहानी (फैंटेसी उपन्यास), **लेखक :** ह्यु लफ्टिंग, **अनुवाद :** आलोक कुमार, **मूल्य :** 199 रुपए, **प्रकाशक :** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां अपने क्यूट से डॉगी के साथ खड़ी लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें तीन मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट ये सभी छह अंतर खोजकर बताओ-



उत्तर: 1. बाईं तरफ लड़की के बालों की लट घुमी हुई नहीं है। 2.लड़की के दाएं हाथ में ब्रेसलेट पहना हुआ है। 3.लड़की की टी-शर्ट पर फूल बना हुआ है। 4.लड़की का बायां हाथ घूमा हुआ है। 5.डॉगी की आंखें बंद हैं। 6.डॉगी की जीभ अंदर है।

## गिनकर बताओ

बच्चो, यहां दो तरह की मछलियों के कई सारे चित्र दिए गए हैं। तुम गिनकर बताओ, किस मछली की संख्या कितनी है?



## खबर संक्षेप

### सेवा व संस्कार से होता है सशक्त समाज का निर्माण

**उकलाना।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर रोटरी क्लब उकलाना द्वारा दस जरूरतमंद कन्याओं के सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन किया गया। क्लब के सचिव योगेश शर्मा ने बताया कि समारोह में प्रत्येक वर-वधू पक्ष से 11-11 सदस्य शामिल हुए। ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ वेदी पर सामूहिक फेरे संपन्न कराए गए। सभी नव-दंपत्तियों ने आजीवन एक-दूसरे का साथ निभाने का संकल्प लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मोहनलाल सिंघल एवं उनकी धर्मपत्नी सुनीता सिंघल ने कन्याओं को शगुन स्वरूप राशि भेंट की। वहीं विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे रोटरी डिसिट्रिक्ट गवर्नर भूपेश मेहता ने भी कन्याओं को उपहार देकर आशीर्वाद दिया।

### सूर्य-नमस्कार का अभ्यास करवाया

**नारनौंद।** गांव कापड़ो के आयुष आरोग्य मंदिर में सूर्य-नमस्कार का अभ्यास करवाया गया जिसका उद्देश्य आम जनमानस को स्वास्थ्य प्रदान करना है। जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ओर छात्रों ने हिस्सा लिया।
आयुष योग सहायक दलशेर आर्य ने बताया कि हर घर परिवार सूर्य नमस्कार का आयोजन 12 जनवरी से महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती से शुरू हुआ था और यह 12 फरवरी तक चलेगा। इसी अभियान के दौरान गुरुवार को गांव कापड़ो के आयुष आरोग्य मंदिर में युवाओं ने सूर्य-नमस्कार का अभ्यास किया और साथ ही योग कि अन्य क्रियाएं भी करवाई गई जो सर्दी के मौसम में हर व्यक्ति को करनी चाहिए।

### पांच जरूरतमंद कन्याओं का विवाह करवाया


**बरवाला।** मकर संक्रांति के अवसर पर प्राचीन शिवपुरी शिवालय धाम कमेटी द्वारा प्राचीन शिवपुरी शिवालय धाम के प्रांगण में पांच जरूरतमंद कन्याओं का विवाह करवाया गया। इन कन्याओं का कन्यादान युवा समाजसेवी आयुष शर्मा द्वारा किया गया और मंच संचालन सोनू बंसल द्वारा किया गया। प्राचीन शिवपुरी शिवालय धाम कमेटी द्वारा इन जरूरतमंद कन्याओं को आवश्यकतानुसार दान-दहेज भी दिया गया। इन कन्याओं के फेरे पुरोहित सचिन शर्मा कौशिक द्वारा पूरे मंत्रोच्चारण करके हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार करवाए गए। इस अवसर पर जिला पार्षद दर्शन गिरी महाराज, संजय सिंगला, रतन सैनी, राजकुमार सरदाना, राजेश सैनी, मुकेश सिंगला, अमन आहूजा, डॉ रामफल सोनी, मान सिंह सैनी आदि मौजूद थे।

## योजना के तहत मजदूरों को मिलेगा रोजगार गारंटी कार्ड
# जी राम जी पर कांग्रेस के झूठ को जनता ने नकाराः बड़ौली

**मनरेगा में 100 दिन काम मिलता था, अब 125 दिन मिलेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा है कि जीरामजी योजना गरीब, मजदूर लोगों के लिए रोजगार की पक्की गारंटी है। जीरामजी योजना को लेकर कांग्रेस जो झूठ फैला रही है उसे जनता ने नकार दिया है। उन्होंने कहा कि इस योजना से भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी और लोगों की मजदूरी समय पर मिलेगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा में 100 दिन काम मिलता था, लेकिन मोदी सरकार ने जीरामजी योजना के तहत मजदूरों का 125 दिन का काम सुनिश्चित किया है।
मोहनलाल बड़ौली गुरुवार को नलवा विधायक रणधीर पनिहार के आवास पर पहुंचे और उन्होंने विधायक रणधीर पनिहार को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल जनसेवा के लिए मंगलकामनाएं की। यहां पहुंचने पर विधायक रणधीर पनिहार और कार्यकर्ताओं ने श्री बड़ौली का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर मोहन लाल बड़ौली ने संगठनात्मक विषयों पर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा भी की।
बड़ौली ने कहा कि वीबी-जीरामजी योजना पीएम मोदी के विकसित गांव और ग्राम स्वराज के संकल्प को हर गांव तक पहुंचाने का मजबूत माध्यम है। जीरामजी योजना के तहत गांव के विकास का प्लान खुद ग्राम पंचायत बनाएगी। गांवों में क्या काम होने चाहिए, परिवारों का पंजीकरण, रोजगार गारंटी कार्ड जारी करना, काम के आवेदन लेना और योजनाएँ बनाना ये सभी जिम्मेदारियां ग्राम पंचायतों की होंगी।


हिसार। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली का स्वागत करते विधायक रणधीर पनिहार एवं अन्य कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

**कार्रवाई की गई**

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने हरियाणा की नायब सरकार द्वारा ईडब्ल्यूएस परिवार की आय सीमा 6 लाख से 8 लाख करने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि इससे समाज के अधिक लोगों को फायदा मिलेगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि इस अवसर पर विधायक रणधीर पनिहार के अलावा आर्य नगर मंडल अध्यक्ष भूप सिंह खिचड़, बलजीत सरपंच भिवानी रोहिल्ला, बलजीत पंच व सतेन्द्र गोरछी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

# 78वें आर्मी डे पर वीर सैनिकों के त्याग साहस और समर्पण को किया नमन

- सम्मान समारोह व मुफ्त स्वास्थ्य जांच व दवा वितरण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिला सैनिक बोर्ड में 78वें आर्मी डे के अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच व दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी एवं कैंसर अस्पताल के सहयोग से देश के वीर सैनिकों और पूर्व सैनिकों के सम्मान में किया गया, जिसमें 250 से अधिक सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में सर्वोदय हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. विनीत यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) डी.पी. वत्स रहे। डॉ. वत्स ने सभी सैनिकों को आर्मी डे की शुभकामनाएं देते हुए उनके त्याग, साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण को नमन किया। कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मेजर जनरल (डॉ.) श्रीकांत शर्मा तथा कैप्टन भूपेंद्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्वोदय मल्टीस्पेशलिटी एवं कैंसर हॉस्पिटल के डायरेक्टर कर्नल नीरज कुमार की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही।


हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

# भिवानी रोहिल्ला के महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में मनाया भारतीय सेना दिवस

- एनसीसी कैडेट्स ने 'सशस्त्र बल में शामिल होने का महत्व' विषय पर हुए व्याख्यान में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में भारतीय सेना दिवस के अवसर पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका मुख्य विषय था 'सशस्त्र बल में शामिल होने का महत्व'। महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि आज सेना दिवस पर हम भारतीय सेना के अदम्य साहस को सलाम करते हैं, जो हमारे देश की सुरक्षा के प्रहरी के रूप में खड़ी है।
इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय सहायक प्राध्यापक सुरेश शर्मा ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि सेना का सख्त प्रशिक्षण और जीवन शैली व्यक्ति में अनुशासन, समय की पाबंदी, टीम वर्क और नेतृत्व कौशल जैसे गुणों को विकसित करती है।
थर्ड हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी हिसार के कमांडिंग आफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स ने इस व्याख्यान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।


हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

# स्व. रामजीलाल ने स्वच्छ व बेदाग राजनीति को नए आयाम दिए

- विधायक चंद्रप्रकाश ने पूर्व राज्यसभा सांसद रामजीलाल को अर्पित की पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

विधायक चंद्रप्रकाश ने पूर्व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय पंडित रामजीलाल की पांचवीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करके उनके द्वारा किए गए जनहित के कार्यों को याद किया। बालसमंद रोड पर स्थित विश्वकर्मा कॉलोनी में आयोजित पुष्पांजलि के दौरान विधायक चंद्रप्रकाश के पारिवारिक सदस्य एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान अपने चाचा स्वर्गीय रामजीलाल को श्रद्धासुमन अर्पित करके विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि सरपंच बनकर राजनीतिक यात्रा शुरू करने वाले स्व. रामजीलाल ने कांग्रेस कार्यकाल में विभिन्न विभागों के चेयरमैन के पद को सुशोभित करते हुए हमेशा जनकल्याण के कार्य किए। राज्यसभा सांसद के रूप में कार्य करते हुए स्वर्गीय रामजीलाल जी ने कांग्रेस संगठन को हमेशा मजबूत किया। उन्होंने कहा कि देखा जाए तो स्वर्गीय रामजीलाल ने स्वच्छ, स्वस्थ व बेदाग राजनीति के नए आयाम स्थापित किए। विधायक चंद्रप्रकाश ने चाचा रामजीलाल से जुड़े संस्मरण साझा करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा पिता तुल्य स्नेह दिया और मार्गदर्शन किया। उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए राजनीतिक विरासत को बढ़ाने का अवसर मिला है।


हिसार। पूर्व राज्यसभा सांसद पंडित रामजीलाल को पुष्पांजलि अर्पित करते विधायक चंद्रप्रकाश। फोटो : हरिभूमि

# तय समय में किसी छात्रा का माइग्रेशन नहीं हुआ

- निजी कॉलेज मामले में आज विधायक से मिलेंगी खाप पंचायतें
- माइग्रेशन का सरकार ने दिया था 15 दिन का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

नारनौंद क्षेत्र के एक निजी कॉलेज मामले में गुरुवार को कॉलेज की छात्राओं ने खाप पंचायत और दोनों गांव की कमेटी के मौजिज लोगों के साथ माइग्रेशन को लेकर बातचीत की। सरकार की तरफ से छात्राओं को 15 जनवरी तक का समय दिया गया था। लेकिन अभी तक एक भी छात्रा का माइग्रेशन नहीं हो पाया है। इसको लेकर खाप व अन्य ग्रामीण शुक्रवार को विधायक विनोद भ्याना से मुलाकात करेंगे। माइग्रेशन को लेकर कॉलेज की छात्राएं गुरुवार को कॉलेज में पहुंची। वहां पर प्रशासन के अधिकारियों से बातचीत की तो एसडीएम विकास यादव ने कहा कि हमारी तरफ से जिन 171 छात्राओं ने माइग्रेशन के लिए हमको फार्म भरकर दिए थे। उनकी सभी प्रक्रियाएं पूरी करके मुख्यालय को भेज दी गई हैं। आगे की कार्रवाई वही से होगी। मौके पर बाहरा खाप प्रधान रत्न मिलकपुर, गांव कागसर के सरपंच सत्यवान, जोगिंदर मान, अनिल कुमार ने पहुंचकर छात्राओं और प्रशासन से बातचीत की। उधर, विधायक विनोद भयाना से फोन पर बातचीत की गई तो विधायक ने सभी को मिलने के लिए शुक्रवार को बुलाया है। गांव राजथल से पांच और गांव कागसर से पांच लोगों की कमेटी के अलावा सतरोल खाप के प्रधान प्रदीप सिंह, बाहरा खाप के प्रधान रत्न मिलकपुर भी विधायक से छात्राओं की मांग को लेकर मिलने के लिए जाएंगे। बाहरा खाप प्रधान रत्न मिलकपुर ने बताया कि छात्राओं की सूचना मिली थी उसके बाद हम कॉलेज में पहुंचे, शुक्रवार को विधायक से मिलेंगे।


नारनौंद। कॉलेज में छात्राओं से बातचीत करते खाप प्रधान रतन मिलकपुर व अन्य।

**ये बोले एसडीएम**

हमारी तरफ से सभी प्रक्रियाएं पूरी करके मुख्यालय को भेज दी गई हैं। अब आगे की कार्रवाई वहीं से होगी। कॉलेज में सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। छात्राओं की कक्षाएं भी लगाई जा रही हैं। ताकि उनकी पढ़ाई में कोई बाधा न आए। -विकास यादव, एसडीएम।

# हरियाणा की टीम ने डीईईओ कार्यालय को भेंट की ट्रॉफी

- डीईईओ रामरतन ने खिलाड़ियों व कोच को पहनाईं फूलमालाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

राजस्थान के चित्तौड़गढ़ स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में हुए 69वें नेशनल स्कूल गेम्स अंडर-14 हैंडबाल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर लौटी हरियाणा टीम ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपनी ट्रॉफी भेंट की। इस अवसर पर हरियाणा टीम के चीफ डी मिशन डीपीई कुलदीप नैन, लाडवा खेल नर्सरी के कोच अशोक पूनिया व महावीर पूनिया, तथा जिले की तीन खिलाड़ी वंशिका, अंशु एवं खुशी को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रामरतन सिंह द्वारा फूलमालाएं पहनाकर भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। एईईओ कुलदीप मलिक व डीपी ई कुलदीप नैन ने बताया कि 19 से 23 जनवरी से गुजरात सोमनाथ में होने वाली अंडर 17 आयु वर्ग में भी जिले की जिले 4 खिलाड़ी ज्योति, रज्जो , मन्नत प्राची हरियाणा टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम में पूर्व सीनियर साई हैंडबाल कोच स्वरूप सिंह चहल, एईओ कुलदीप मलिक, एईईओ सुशील कुमार, डीपीई शक्तिवेश, डीपीई नीलम सहित अन्य अधिकारी व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।


हिसार। मौलिक शिक्षा अधिकारी को ट्रॉफी भेंट करते खिलाड़ी व कोच। फोटो : हरिभूमि

# अमित सैनी को रेलवे स्टेशन रोड एसोसिएशन का प्रधान बनाया

- संजय मुंजाल और विजय धमीजा को उप-प्रधान की जिम्मेदारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

रेलवे स्टेशन रोड दुकानदार एसोसिएशन की मीटिंग हुई। जिसमें अमित सैनी, एडवोकेट को रेलवे स्टेशन रोड दुकानदार एसोसिएशन का सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया। कार्यकारिणी में संजय मुंजाल व विजय धमीजा को उप-प्रधान, ताराचंद शर्मा को महासचिव, दलीप धमीजा को कोषाध्यक्ष, पंकज बलेचा को सचिव व कृष्ण कुमार महत्ता को सरप्रस्त व सुरेन्द्र शर्मा, हरीश गोगिया, अजीत कुमार को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्रधान अमित सैनी एडवोकेट ने अपने सम्बोधन मे कहा कि वे सभी व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए ईमानदारी पारदर्शिता और एकजुटता के साथ कार्य करेंगे। हमारी समस्याओं अधिकारों और व्यापारिक विकास के लिए मैं सदैव तत्पर रहूंगा। इस मौके पर विकास बलेचा, संजय बलेचा, गौतम वधवा, नवीन धमीजा एडवोकेट, परमजीत धनाना एडवोकेट, गौरव वर्मा एडवोकेट, जगजीवन, दीपक कुमार, नरेन्द्र गुप्ता, राजबीर सिंह भाटटी एडवोकेट, तरसेम राज, दीपेश, महेश शर्मा, चन्नी महता, परशुराम, राजकुमार गौगिया, सुरेन्द्र नरुला, अनूप सिंह, कमल राज, दीपेश समेत भारी संख्या मे दुकानदार मौजूद थे।


हिसार। रेलवे रोड दुकानदार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी व अन्य।

# रेलवे के पूर्व पीसीसीएम नरसिंह का आगमन पर अभिनंदन

- नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन ने किया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन ने उत्तर रेलवे के प्रमुख वाणिज्य प्रबंधक (पीसीसीएम) नरसिंह के हाल में सेवानिवृत्त होने के बाद गुरुवार दोपहर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर जोरदार अभिनंदन किया। उन्होंने 33 साल तक रेल विभाग में अपनी सेवाएं दीं। नरसिंह गोरखधाम एक्सप्रेस से अपने गृह क्षेत्र हिसार पहुंचे तो प्लेटफार्म पर बड़ी संख्या में रेल कर्मी मौजूद थे। कर्मियों की अगुवाई शशि प्रकाश लोहान पूर्व शाखा सचिव व मंडल अध्यक्ष नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन बीकानेर ने की। मुख्य समारोह यूनियन कार्यालय में आयोजित किया। मंच संचालन सीएलआई सुरेंद्र योगी ने किया। इस अवसर पर सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक होशियार सिंह, डीआरयूसीसी सदस्य आकाश, स्टेशन अधीक्षक प्रेमचंद, यातायात निरीक्षक बीर सिंह यादव व अन्य सुपरवाइजर तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। शशि प्रकाश लोहान ने बताया कि नरसिंह केवल उच्च अधिकारी ही नहीं रहे अपितु वे हमारे मार्गदर्शक व प्रेरणा स्रोत रहे हैं।


हिसार। रेलवे के पूर्व प्रमुख वाणिज्य प्रबंधक नरसिंह का अभिनंदन करते नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि


हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण एवं प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

### 'संचार मित्र योजना' के तत्वावधान में साइबर सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता के बारे में किया जागरूक

**हिसार।** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से 'संचार मित्र योजना' के तत्वावधान में वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सचेत करने और डिजिटल सुरक्षा के उपायों से अवगत कराने के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचार मित्र स्वयंसेवक नवीन व अंजलि ने बताया कि कैसे 'फिशिंग' और 'विशिंग' जैसे तरीकों से ठग आम लोगों की जमापूंजी निकाल लेते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित यूथ रेड क्रॉस के स्वयंसेवकों को सलाह दी कि वे अपना ओटीपी, पिन या कोई भी व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। इस अवसर पर संचार मित्र योजना के नोडल समन्वयक डॉ महावीर प्रसाद ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। संचार मित्र योजना का लक्ष्य केवल तकनीक को घर-घर पहुंचाना नहीं है, बल्कि उस तकनीक का सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित करना भी है।

## 874 स्कूलों के 25 हजार विद्यार्थियों ने लिया था भाग
# ओएसजीयू में क्विज 'रिगालिया फैस्टा-7' 18 को

**फाइनल में होगा प्रतिभा का महासंग्राम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा के विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता को निखारने और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के उद्देश्य से ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय (ओएसजीयू) में 18 जनवरी को सातवीं वार्षिक राज्यस्तरीय क्विज प्रतियोगिता 'रिगालिया फैस्टा-7' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित मेधावी छात्र अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।
विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इस प्रतियोगिता का प्राथमिक चरण विभिन्न स्कूलों में ही आयोजित किया गया था।
इसमें हरियाणा के 874 स्कूलों के कक्षा 12वीं के लगभग 25,000 से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। अब इनमें से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी सेमीफाइनल और फाइनल राउंड के लिए ओएसजीयू कैंपस पहुंचेंगे।



हिसार। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय। फोटो :हरिभूमि

**विजेता होंगे सम्मानित**

विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल एवं प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने इस महाकुंभ में शामिल होने वाले विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को अग्रिम बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल ज्ञान बढ़ाती हैं, बल्कि विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में भी वृद्धि करती हैं। इसी के साथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन.पी. कौशिक एवं प्रति-कुलपति डॉ. राजेन्द्र सिंह छिल्लर ने बताया कि सेमीफाइनल और फाइनल दौर 18 जनवरी को विश्वविद्यालय प्रांगण में होगा। फाइनल में विजेता रहने वाली टीमों को विशेष पुरस्कारों और ट्राफी से सम्मानित किया जाएगा।'


हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य वक्ता कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडेय। फोटो :हरिभूमि

### व्यक्ति की मानसिक शक्ति पर निर्भर करता है सफलता व असफलता का निर्धारण : कर्नल पांडे

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स के व्यक्तित्व विकास एवं मानसिक सशक्तिकरण के उद्धेश्य से एक विशेष प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 56 एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में थर्ड हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडेय ने मुख्य वक्ता के रूप में कैडेट्स को संबोधित किया। अपने संबोधन में कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडेय ने कहा कि 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत'- सफलता और असफलता का निर्धारण व्यक्ति की मानसिक शक्ति पर निर्भर करता है। उन्होंने कैडेट्स को नियमित रूप से योग, ध्यान एवं प्रार्थना करने की सलाह दी और कहा कि इससे न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं मानसिक संतुलन भी सुदृढ़ होता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की सीटीओ डॉ. कविता बहमनी एवं मनीषा भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी 56 कैडेट्स ने मुख्य वक्ता के प्रेरणादायक विचारों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप



### सुरेश यादव ने किया बीईओ का पद ग्रहण

**हांसी।** उमरा रोड़ स्थित शिक्षा विभाग के कार्यालय में गुरुवार को हांसी द्वितीय ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में सुरेश यादव ने पद ग्रहण किया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों से आए प्राचार्य, प्राध्यापक एवं अध्यापकों की उपस्थिति में स्टाफ ने फूल मालाओं व बुक्का देकर नव पदोन्नत खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में राजपाल यादव पूर्व चेयरमैन व मुख्य अतिथि के रूप में ओपी यादव पूर्व उप जिला शिक्षा अधिकारी ने शिरकत की।

### मलिक बने नारनौंद के नए खंड शिक्षा अधिकारी



**नारनौंद।** नारनौंद के खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह का तबादला होने पर जोगिंद्र सिंह मालिक नए खंड शिक्षा अधिकारी होंगे। नव नियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी जोगिंद्र सिंह मलिक ने नारनौंद में पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। पदभार संभालने के अवसर पर शिक्षा जगत से जुड़े अनेक शिक्षाविदों, संगठनों और स्कूल स्टाफ ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर उनकी धर्मपत्नी मीनाक्षी भी उनके साथ उपस्थित रहीं।

### राकेश चराया ने हिसार में पदभार ग्रहण किया

**हिसार।** राजकीय विद्यालय के प्रिंसिपल राकेश चराया ने खंड शिक्षा अधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया है। पदोन्नत होकर खंड शिक्षा अधिकारी बने राकेश चराया को शुभकामनाएं देते हुए विभिन्न विद्यालयों के प्रिंसिपल व शिक्षकों ने बधाई प्रेषित की है। रामपुरा मोहल्ला स्थित हिसार-द्वितीय खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचने पर पुष्प गुच्छ देकर राकेश चराया का स्वागत किया गया।

### माता गोदांबा कल्याण उत्सव मनाया

**हिसार।** अध्यात्म व सामाजिक सरोकारों के केंद्र श्री तिरुपति बालाजी धाम में माता गोदांबा कल्याणोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भगवान वेंकटेश जी की अनुकंपा एवं परम पद प्राप्त जगदगुरु त्रिदंडी जीयर स्वामी के आशीर्वाद से अनंत श्री विभूषित सर्वश्री नारायणाचार्य जी महाराज के मार्गदर्शन में कल्याणोत्सव मनाया गया। पूरे विधि-विधान से माता गोदांबा व भगवान वेंकटेश का महाभिषेक करके पूजा-अर्चना की गई। धनुर्मास के समापन पर भगवान वेंकेटश के रंगनाथ स्वरूप के साथ माता गोदांबा के विवाह की परंपरा का निर्वहन किया गया।

### टोक्यो में जारी आईजेएचईएम कार्यक्रम में मिले वीसी


# जापानी शिक्षण संस्थान व गुजवि मिलकर करेंगे कार्य: प्रो. बिश्नोई

- कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने जापान के उच्च शिक्षा अधिकारियों से की मुलाकात
- जापानी शिक्षण संस्थानों के अधिकारियों के समक्ष रखा गुजविप्रौवि का विजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

टोक्यो में चल रहे भारत-जापान उच्च शिक्षा मिशन (आईजेएचईएम) कार्यक्रम में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय लगातार अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज करवा रहा है। भारत-जापान उच्च शिक्षा मिशन (आईजेएचईएम) कार्यक्रम में भाग ले रहे कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई जापान के शिक्षा मंत्रालय के उच्च अधिकारियों से बात कर रहे हैं तथा गुजवि व जापानी शिक्षण संस्थानों के बीच शोध व शिक्षण की उच्च स्तरीय संभावनाओं को तलाशा जा रहा है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने एक विशेष बैठक में जापानी शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा ब्यूरो, टोक्यो के अंतरराष्ट्रीय मामलों के प्रभाग के निदेशक सातो कुनाइकी से मुलाकात की।

कुलपति ने सातो कुनाइकी को गुजवि की आधिकारिक 'यूनिवर्सिटी बुकलेट' भेंट की। इस बुकलेट के माध्यम से विश्वविद्यालय की अनुसंधान क्षमताओं, अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग और भविष्य की योजनाओं से जापानी अधिकारियों को अवगत कराया गया। सातो कुनाइकी ने भी गुजवि के विजन की प्रशंसा की तथा कहा कि गुजविप्रौवि भारत और जापान के बीच शैक्षणिक संबंधों में केंद्रीय भूमिका अदा करेगा। टोक्यो में चल रहे इस छह दिवसीय कार्यक्रम में दोनों देशों के शिक्षाविद् कई महत्वपूर्ण सत्रों में भाग ले रहे हैं। गुजवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई इस कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। कुलपति प्रो. बिश्नोई ने बताया कि जापानी शिक्षा मंत्रालय ने भारतीय शिक्षण संस्थानों के साथ मिलकर कार्य करने की योजना बना रहे हैं।



**हिसार।** जापानी शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा ब्यूरो, टोक्यो के अंतरराष्ट्रीय मामलों के प्रभाग के निदेशक सातो कुनाइकी को गुजवि की आधिकारिक 'यूनिवर्सिटी बुकलेट' भेंट करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

जापान द्वारा भारतीय शोधकर्ताओं के लिए विशेष स्कॉलरशिप व अनुदान की भी घोषणा की गई है। जापानी विशेषज्ञों ने सेमिकंडक्टर, ग्रीन एनर्जी और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्टस में गुजविप्रौवि को भागीदार बनाने का प्रस्ताव दिया है। आगामी 17 जनवरी तक चलने वाले इस मिशन कार्यक्रम के बाद हरियाणा और गुजविप्रौवि के शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आने की उम्मीद है।

# बुजुर्गों की दौड़ में जयसिंह और महिलाओं में सुनीता रहीं अव्वल

- जनसहभागिता कार्यक्रम गलियारा में खेल प्रतियोगिता, प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गांव हरि कोट युवा क्लब द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर जनसहभागिता ग्रामीण खेलकूद कार्यक्रम गलियारा का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण क्षेत्र के कई कार्यक्रम किए गए। बच्चों, महिलाओं, युवाओं तथा बुजुर्गो की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में बुजुर्ग दौड़ में जयसिंह, लड़कियों की दौड़ में स्वीटी, महिलाओं की दौड़ में सुनीता अव्वल रहे। इसी प्रकार लेमन रेस में 10-14 आयुवर्ग में संकित, 5-10 आयुवर्ग में मयंक, 12-14 आयुवर्ग में प्रियांक प्रथम रहे।

कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र संगठन के पूर्व उपनिदेशक नरेंद्र यादव ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गांवों में समाज के सशक्तीकरण के लिए ऐसे खेलों का आयोजन होते रहने चाहिए, क्योंकि ऐसे ग्रामीण खेल गतिविधियों से न केवल ग्रामीणों को इक्कठा होने का अवसर मिलता है, बल्कि एक-दूसरे के सुख-दुख में चर्चा करने के साथ खेलों के माध्यम से नशे जैसी बुराइयों को छोड़ने में भी सहयोग मिलता है।

उन्होंने कहा कि युवाओं में बढ़ती नशे की लत से भी खेलों द्वारा छुटकारा दिलाया जा सकता है। ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है।





**हिसार।** खेल प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर गांव हरिकोट के सरपंच जगदीश वर्मा, संजय वर्मा, धर्म वर्मा, नरेंद्र, पवन, वीरेंद्र, हिम्मत मास्टर धमेंद्र, राजेश, सोमबीर, अमित, आदि मौजूद थे।



**हिसार।** पत्रकारों से बातचीत करते भाविप विवेकानंद शाखा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# हिसार की धरा पर 18 जनवरी को होगा आध्यात्मिक कवि सम्मेलन

- देश के विभिन्न राज्यों से विख्यात कवि अपने काव्य से बिखरेंगे आध्यात्मिक छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हिसार की पावन धरा पर एक अनूठा आध्यात्मिक कवि सम्मेलन होने जा रहा है। भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर आगामी 18 जनवरी को भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा की ओर से इस एक शाम राम लला के नाम 'राममय कवि सम्मेलन' का आयोजन किया जाएगा।

भाविप विवेकानंद शाखा की ओर से रेड स्कवेयर मार्केट में आयोजित प्रेस वार्ता में अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि हिसार में यह अपने आप में एक अनूठा कवि सम्मेलन होगा।

उन्होंने बताया कि 18 जनवरी, रविवार को सायं चौ. रणवीर सिंह सभागार, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में यह कवि सम्मेलन होगा। आमंत्रित कविगणों में हास्य व्यंग्यकार डॉ. संजय झाला जयपुर, डॉ. कमलेश शर्मा (गीतकार) इटावा, सौरभ जैन सुमन मेरठ, सुदीप भोला जबलपुर, सुमित ओरछा (राष्ट्र चेतना, वीर रस), कृति चौबे (गीतकार) नोएडा शामिल हैं। कवि सम्मेलन में आने वाले सभी मेहमानों को अयोध्या से रामलला मंदिर परिसर की पावन रज (चरण धूलि) वितरित की जाएगी। कार्यक्रम के उपरांत (मां सीता रसोई) से भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी।

# चौकी में आने वाली शिकायतों का इंद्राज कर उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करें : एसपी



**हांसी।** पुलिस चौकी के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर चेक करते पुलिस अधीक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने गुरुवार को अनाज मंडी व सिसाय पुल पुलिस चौकी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने थाना व पुलिस चौकी का रिकॉर्ड, मालखाना, आपराधिक रिकॉर्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों चौकियों के मुंशी कक्ष और शस्त्रागार में रखे असलहे की जांच की। कंप्यूटर रूम के साथ वायरलेस कक्ष की व्यवस्था भी चेक की। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने चौकी प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चौकी में आने वाली शिकायतों का इंद्राज कर उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। सभी अपनी ड्यूटी जिम्मेवारी से निभाएं। पुलिस चौकी में आने वाले शिकायतकर्ता से सहयोग व सम्मान पूर्वक व्यवहार कर उनकी बातों को ध्यान से सुनें और शिकायत का समयावधि में निदान करें। इसके साथ ही अदालत से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने व अन्य मामले में शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वहीं अनुसंधानकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी लंबित अभियोगों का समय सीमा के अंदर निदान करे और किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर उच्च अधिकारियों के साथ संपर्क कर मदद ले। इस दौरान उन्होंने चौकी परिसर में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए।

### हांसी पुलिस ने बार-बार अपराध करने वाले 85 आरोपियों को दिए नोटिस



**हांसी।** हांसी पुलिस ने विशेष चैकिंग अभियान चलाकर बार- बार अपराध करने वाले अपराधियों को नोटिस दिये गये। सभी थाना प्रभारी व सभी अपराध सम्बन्धित इकाइयों के माध्यम से आदतन अपराधियों की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए उनके घर जाकर नोटिस दिए गए तथा उनकी उपस्थिति को चैक किया गया। यह जानकारी देते हुए डीएसपी देवेंद्र नैन ने बताया कि आमजन को डराने धमकाने और सार्वजनिक शांति भंग करने वाले कुल 187 आदतन अपराधियों की सुची तैयार की गई थी। जिसमें से 85 आदतन अपराधियों को धारा 172(2) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत बुधवार व गुरुवार को नोटिस दिए गए। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधों पर अंकुश लगाना है, जिससे कि हांसी जिला में अमन और शांति कायम रह सके। अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा समय-समय पर ऐसे जांच अभियान चलाये जा रहे हैं।

# दिलेर हरियाणा संस्था ने देसी रंग में मनाया पर्व

- लुप्त होती हरियाणवी परंपराओं को मंच पर जीवंत करती दिखीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणवी संस्कृति की जड़ों को नई पीढ़ी से जोड़ने और लुप्त होती परंपराओं को पुनर्जीवित करने की दिशा में दिलेर हरियाणा संस्था की ओर से मकर संक्रांति एवं लोहड़ी के अवसर पर लघु सचिवालय कॉलोनी पार्क में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



**हिसार।** कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम ने न केवल लोकसंस्कृति की झलक दिखाई, बल्कि सामाजिक मूल्यों और पारिवारिक संस्कारों का जीवंत संदेश भी दिया।

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर घर-आंगन की चारदीवारी के भीतर निभाई जाने वाली मान-मनुहार और बड़ों के सम्मान की परंपराओं को मंच पर सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया। संस्था की महिला सदस्यों ने चाचा-चाची, ताऊ-ताई, दादा-दादी, सास-ससुर और जेठ-जेठानी के सम्मान की परंपराओं को ठेठ देसी अंदाज़ में निभाते हुए हरियाणवी संस्कृति की आत्मा को मंच पर उतार दिया।

पारंपरिक हरियाणवी वेशभूषा में सजी महिलाओं ने लोकगीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान बुजुर्गों के चरण-स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद लेने और अनजाने में हुई भूलों के लिए क्षमा-याचना की प्राचीन परंपरा का भी सजीव मंचन किया गया। दान-दक्षिणा की परंपरा को निभाते हुए बुजुर्ग महिलाओं को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया।

# अलग-अलग स्थानों पर सट्टा खाईवाली करते दो काबू, 55 हजार रुपये बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

पुलिस ने गुरुवार को सरेआम सट्टा खाईवाली करने वालो को अलग-अलग जगह से 26600 रुपये व 29500 रुपये के साथ काबू किया। आर्थिक अपराध शाखा में तैनात एएसआई राजेन्द्र ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ गश्त के दौरान हिसार चुंगी हांसी के पास मौजूद था कि इस दौरान सूचना मिली कि डडल पार्क निवासी गौरव सरेआम सट्टा खाईवाली का काम कर रहा है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंच साथी कर्मचारियों की मदद से सट्टा खाईवाली कर रहे गौरव को काबू करके तलाशी लेने पर पर 26600 रुपये व पर्चा सट्टा बरामद बरामद हुई।

वहीं सीआईए में तैनात एएसआई प्रवीन कुमार ने बताया कि गश्त दौरान सूचना मिली थी की गांव सुल्तानपुर में मंदीप नामक व्यक्ति सट्टे खाईवाली का काम कर रहा है, सुचना के आधार पर एक कर्मचारी को को बोगस ग्राहक बनाकर मंदीप के पास भेजा गया। और पुलिस कर्मी द्वारा इशारा किए जाने के बाद आरोपी को काबू कर तलाशी ली गई तो उसके पास 29500 रुपये व सट्टा पर्चियां बरामद हुई। आरोपी को रुपये व सट्टा पर्चियों के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### आसरा वेलफेयर सोसायटी ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए



**हिसार।** आसरा वेलफेयर सोसायटी की ओर से सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. दीपक नागपाल की अध्यक्षता में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर में अर्बन एस्टेट शनि मंदिर के पास, कैमरी रोड फ्लाईओवर, रेलवे प्लेटफार्म, लघु सचिवालय के पास और सेक्टर 9-11 के पास जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ. दीपक नागपाल ने कहा कि इस समय भीषण ठंड पड़ रही है और जिन लोगों को खुले में रात गुजरानी पड़ती है उनके लिए यह ठंड बहुत असहनीय एवं दर्दनाक होती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए आसरा वेलफेयर सोसायटी ने कंबल वितरण का निर्णय लिया और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ. दीपक नागपाल, सदस्य नरेंद्र अनेजा, प्रो. नरेंद्र मेहता, डॉ. निरंजन मेहता, प्रो. प्रेम तनेजा, सुरेंद्र अनेजा, सुरेंद्र मेहता, गुलशन वधवा, उदयवीर सिंह, सब इंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा, यश अनेजा आदि ने कंबल वितरण में सहयोग दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**कार्यक्रम** | जांदू फाउंडेशन का द्वितीय वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न

# सेवा व संस्कार ही सच्ची पूजा, ऐसे प्रयासों से सशक्त समाज का निर्माण संभव : गीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के पावन पर्व पर चौधरी छबीलदास जांदू फाउंडेशन का द्वितीय वार्षिक उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गृह विभाग की सचिव एवं आईएएस अधिकारी गीता भारती द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी वेद सिंह दहिया, सेवा भारती के प्रांत सह संयोजक कमल सर्राफ, डॉ. बिजेंद्र सिंह एवं रविन्द्र शर्मा, रामस्वरूप वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिनिवास जांदू ने की। मुख्य अतिथि गीता भारती ने अपने संबोधन में कहा कि चौधरी छबीलदास जांदू फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा और मानव सेवा के क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। सेवा व संस्कार ही सच्ची पूजा है और ऐसे प्रयासों से ही एक सशक्त समाज का निर्माण संभव है। वार्षिक उत्सव के दौरान विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. राम अवतार, डॉ. जयप्रकाश, डॉ. मीनू एवं डॉ. रिपन कामरा ने लगभग 350 मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं। ऑप्टोमेट्रिस्ट विजय शर्मा द्वारा 210 जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे बनाकर वितरित किए गए। 12 मरीजों को श्रवण यंत्र (हियरिंग मशीन) प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त डॉ. जयप्रकाश वर्मा के नेतृत्व में हिसार नागरिक अस्पताल की टीम द्वारा रक्त संग्रहण किया गया। आयोजित रक्तदान शिविर में 51 युवाओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों सहित कुलदीप जांदू, भूपेंद्र दलाल, कृष्ण कुमार डूडी द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं।



**हिसार।** मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रदेश के गृह विभाग की सचिव गीता भारती। फोटो : हरिभूमि

स्थापित - 1936 सर्वेसन्तु निरामया :
डॉ. बनारसी दास शर्मा हस्पताल
3 पीढ़ीयों से आपकी सेवा में
आयुर्वेद चिकित्सा-श्रेष्ठ चिकित्सा
चर्म रोग


एग्जीमा, Fungal, Acne, Alcpocia, Urticaria आदि सभी प्रकार के चर्म रोगों के विशुद्ध आयुर्वेदिक उपचार के लिए सम्पर्क करें।

डॉ. साकेत शर्मा, आयुर्वेदाचार्य
मोहल्ला सैनियान, हिसार | मो. 98960-04939